

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## दशम् सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-09.11.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री भाई वीरेन्द्र, स0वि0स0<br>श्री गोपाल रविदास, स0वि0स0 | ''सीवान विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सीवान जंक्शन से पूरब सिसवन रेल ढाला पर रोड ओवर ब्रीज के निर्माण हेतु आग्रह किया गया था, जिसके आलोक में अभियंता प्रमुख (मु0) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-प्र0-11/ROB-04-2-2015, 5415(E) पटना, दिनांक-16.08.2021 के द्वारा इस दिशा में कार्रवाई करते हुए मुझे सूचित किया गया था कि सीवान-सिस्वन पथ (एसएच-89) पर स्थित सिसवन रेल ढाला (लेवर क्रॉसिंग संख्या-91) पर आर0ओ0बी0 निर्माण हेतु राज्य सरकार की सहमति प्राप्त है । वर्तमान में रेलवे से कॉस्ट शेयरिंग हेतु डी0पी0आर0 तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे रेलवे को भेजी जायेगी । कॉस्ट शेयरिंग के उपरांत राज्य सरकार से राज्यांश हेतु प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर निविदा की कार्रवाई की जायेगी । विभाग द्वारा सारी प्रक्रियात्मक कार्रवाई कर दी गई है । तत्पश्चात रेलवे द्वारा एन0ओ0सी0 भी अपने मन्तव्य के साथ प्राप्त करा दी गई है।<br>अत: जनहित में सिसवन रेल ढाला (रेलवे क्रॉसिंग संख्या-91) पर आर0ओ0बी0 निर्माण हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं।'' | पथ निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| 2. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, स0वि0स0<br>श्रीमती शालिनी मिश्रा, स0वि0स0<br>श्री अजीत शर्मा, स0वि0स0<br>श्री अजय कुमार सिंह, स0वि0स0<br>श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, स0वि0स0<br>श्री अली अशरफ सिद्दिकी, स0वि0स0<br>श्री इजहारूल हुसैन, स0वि0स0<br>श्री आनन्द शंकर सिंह, स0वि0स0 | ''राज्य में SBPDCL और NBPDCL द्वारा बिजली बिल देने तथा बिल की वसूली के लिए भोजपुर जिला समेत पूरे राज्य में QUASH तथा EMEDD नामक एजेंसी को फ्रेंचाईजी नियुक्त किया गया है । फ्रेंचाईजी द्वारा उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग कर दी जाती है तथा उसके सुधार के नाम पर उनसे उगाही की जाती है । इतना ही नहीं तार लगाने, मीटर लगाने के नाम पर राज्य के गरीब उपभोक्ताओं से 10 से 20 हजार रूपये की वसूली की जा रही है । बिजली बिल देने और वसूलने के लिए एजेंसी के जो लोग नियुक्त किये गये है, वे स्थानीय निवासी हैं । उनके द्वारा बिलिंग आपसी रंजिश के आधार पर भी बढ़ाकर दी जा रही है । ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल एवं वसूली की बहुत ही बुरी स्थिति है । कतिपय मामलों में कई महीने लगातार 3-4 सौ का बिल दिया जाता है और छः-आठ माह के बाद अचानक 50-60 हजार का बिल दे दिया जाता है । लोगों में त्राहिमाम् है ।<br><br>अतः राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के हो रहे दोहन पर रोक लगाने तथा पूर्व की भाँति सरकारी व्यक्तियों से बिलिंग एवं भुगतान प्राप्त किये जाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।'' | उर्जा |

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-28/2023- 4025 / वि०स०, पटना, दिनांक- 8 नवम्बर, 2023 ई० ।

प्रतिः- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

8.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-28/2023- 4025 / वि०स०, पटना, दिनांक- 8 नवम्बर, 2023 ई० ।

प्रतिः- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

8.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-28/2023- 4025 / वि०स०, पटना, दिनांक- 8 नवम्बर, 2023 ई० ।

प्रतिः- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / पथ निर्माण विभाग एवं उर्जा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

8.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-28/2023- 4025 / वि०स०, पटना, दिनांक- 8 नवम्बर, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव एवं संयुक्त सचिव के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सचिव एवं संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

8.11.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)

उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

8/11/23